Source: https://timesofindia.indiatimes.com/city/noida/noida-workers-unrest-nhrc-takes-cognisance-of-toi-report-on-juvenile-kept-in-kasna-jail-for-two-months/articleshow/131882717.cms

Noida workers unrest: NHRC takes cognisance of TOI report on juvenile kept in Kasna jail for two months
Jaideep Deogharia Jun 21, 2026, 12.58 AM IST

Noida: The National Human Rights Commission on Friday took suo motu cognisance of media reports that a 16-year-old arrested during the April 13 industrial workers' agitation in the city spent nearly two months in Kasna jail alongside adult prisoners before a court-ordered ossification test confirmed his minority. The commission also noted that it took prison authorities six days after the test report was submitted on June 6 before he was transferred to a juvenile home in Noida.

On June 12, a TOI report, "Test shows he is 16, but juvie held for city unrest in jail for 2 months", highlighted how the teenager spent nearly two months in Kasna prison alongside adult prisoners despite securing bail, because his family could not furnish Rs 1.5 lakh for his release.

The NHRC observed that the contents of the report, if true, raised a serious issue of human rights violation. It issued notices to the Uttar Pradesh director general of prisons (administration and reform services) and the director general of police, seeking a detailed report within two weeks, and directed its Director General (Investigation) to depute a team for a spot inquiry within a week.

The minor was picked up from his residence on April 14 by a UP Police team and charged under BNS Sections 109(1) (attempt to murder), 190 (unlawful assembly), 191(1), (2), (3) (rioting with deadly weapons), 121(2) (grievous hurt to a public servant), 132 (assaulting a public servant), 133 (assault with intent to dishonour), 125 (acts endangering life), 127(2) (wrongful confinement), 115(2) (voluntarily causing hurt), 352 (intentional insult to provoke), 351(3) (criminal intimidation), 61(2) (criminal conspiracy), 324(4)(5)(6) (mischief causing minor to major damage and harm), 326(1) (mischief by fire or explosives to destroy), 326(G) (mischief to public infrastructure), as well as the Prevention of Damage to Public Property Act and the Criminal Law Amendment Act.

The juvenile walked free on June 18, nearly three weeks after securing bail on May 29, after the family arranged the required bond. Advocate Manik Gupta, representing the minor, told TOI that the court, while still treating the accused as an adult, set bail at a personal bond of Rs 50,000 with two sureties of the same amount.

An application under Section 12(1) of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act was subsequently filed seeking release on personal bond and reduction of surety. The sessions court reduced the surety to Rs 30,000 in the Phase II police FIR — in which bail was granted on May 29 — with motorcycle papers furnished towards it. The court also ordered his release in the two remaining FIRs on personal bond, paving the way for his release.

Advocate Gupta said a police team visited the minor's residence on Saturday and had some papers signed by the boy. "They were inquiring about his elder brother and took a copy of his Aadhaar card," he said.

The GB Nagar police commissionerate issued a clarification stating that the juvenile worked at Staunch Electronics India LLP, Sector 83, Phase II, and used an Aadhaar card issued in the name of Dinesh, son of Ramdeen, showing an age of 19 years. Police said that during his arrest on April 15, the juvenile identified himself as Dinesh. "During that time, even the medical report mentioned his age as 18 years, and a legal inquiry has been ordered into the

entire episode," the clarification stated.

Gupta, however, said police were attempting to cover up the matter after the NHRC issued a notice to the DGP. "The juvenile was never referred to by any alias in earlier cases. Now, suddenly, they have procured the Aadhaar card of his elder brother Dinesh and are cooking up a story," he said. Gupta added that on Saturday, Dinesh was repeatedly contacted by police and pressured into recording a video stating that his younger brother took his Aadhaar card to enrol in a factory and was working there.

Source: https://www.scconline.com/blog/post/2026/06/20/nhrc-takes-suo-motu-cognizance-of-minor-kept-in-adult-jail-in-up/

HomeCase BriefsNhrc Takes Suo Motu Cognizance Of Alleged Illegal Confinement Of Minor As Adult Inmate In Gautam Budh Nagar Jail

NHRC takes suo motu cognizance of alleged illegal confinement of minor as adult inmate in Gautam Budh Nagar jail

Taking suo motu cognizance of media reports, NHRC has sought reports from U.P. authorities and ordered a spot inquiry into the alleged detention of a minor in an adult prison
Published on June 20, 2026By Malika Bhola

The National Human Rights Commission has taken suo motu cognizance of a media report that a 16-year-old boy from Shahjahanpur district, Uttar Pradesh, was allegedly arrested and kept illegally as an adult inmate in Kasna Jail for more than two months. Even after an ossification test confirmed him to be a minor, it reportedly took six more days to shift him to a juvenile home. Despite being granted bail by the court, he continues to remain in the juvenile home as his family is unable to arrange the surety bond. Reportedly, the boy was arrested following protests by labourers demanding a pay hike and improved working conditions.

Observing that the contents of the news report, if true, raise a serious issue of human rights violation, the Commission has issued notices to the Director General of Prisons Administration and Reform Services and the Director General of Police, Uttar Pradesh, calling for a detailed report within two weeks. The Commission has also directed its Director General (Investigation) to depute a team of officers to conduct a spot enquiry and submit a report within one week.

As per the media report, the boy was allegedly called to collect a parcel in his name, whereupon he was arrested by the police. An FIR was registered against him under several serious provisions of the Bharatiya Nyaya Sanhita. It has further been alleged that he was assaulted by the police and compelled to sign certain documents. The Commission is examining the matter in view of the allegations of illegal confinement of a minor and the consequent human rights concerns arising therefrom.

Source: NHRC Press Release

Source: https://firstbihar.com/crime/bharat-tiwari-encounter-human-rights-commission-petition-filed-458066

भरत तिवारी एनकाउंटर मामला पहुंचा मानवाधिकार आयोग, निष्पक्ष जांच की उठी मांग

भोजपुर के भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले में मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के. झा ने राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर की है। याचिका में निष्पक्ष जांच, दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की गई है।
Jitendra Vidyarthi
20 जून 2026 को 08:11 pm बजे IST

MUZAFFARPUR: भोजपुर जिले में हुए भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। यह मामला अब राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है।

मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस.के. झा ने इस मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली तथा राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना में अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं।

गौरतलब है कि भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की पुलिस एनकाउंटर के बाद मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं और विभिन्न संगठनों तथा राजनीतिक दलों की ओर से निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के. झा ने अपनी याचिका में मांग की है कि एनकाउंटर में शामिल सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए। साथ ही, इस पूरे मामले की जांच किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कराई जाए, ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने दोषी पाए जाने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इसके अलावा, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग की गई है। अधिवक्ता एस.के. झा ने कहा कि यह मामला मानवाधिकार उल्लंघन की अत्यंत गंभीर श्रेणी में आता है और इसकी निष्पक्ष जांच बेहद आवश्यक है।

Source: https://zeenews.india.com/hindi/india/bihar-jharkhand/bhojpur/bhojpur-encounter-case-reaches-human-rights-commission-advocate-sk-jha-files-petition/3250876/amp

भोजपुर एनकाउंटर: मानवाधिकार आयोग के पास पहुंचा केस, अधिवक्ता एसके झा ने दायर की याचिका

भोजपुर में भरत तिवारी का एनकाउंटर लगातार तूल पकड़ते जा रहा है. अब यह मामला मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है. मुजफ्फरपुर के चर्चित मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली और राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर करके दोषी पुलिसकर्मियों को सख्त सजा देने की मांग की है.

Written By Manitosh kumar Edited By: K Raj Mishra

Published: Jun 21, 2026, 06:56 AM IST | Updated: Jun 21, 2026, 06:59 AM IST

Bhojpur Encounter: भोजपुर में भरत तिवारी का एनकाउंटर लगातार तूल पकड़ते जा रहा है. विपक्ष के साथ-साथ सत्तापक्ष के भी कुछ बड़े नेताओं ने इसके खिलाफ आवाज उठाई है. अब यह मामला मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है. मुजफ्फरपुर के चर्चित मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा ने भोजपुर एनकाउंटर मामले में मानवाधिकार आयोग में याचिका दर्ज कराते हुए दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है. दरअसल, भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव के रहने वाले भरत भूषण तिवारी का पुलिस ने हाल ही में एनकाउंटर किया था. अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा ने इस एनकाउंटर को फेक बताते हुए दोषी पुलिसकर्मियों पर करवाई की मांग को लेकर अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली और राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं. उन्होंने अपनी याचिकाओं में मांग की है कि इस एनकाउंटर में शामिल सभी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए रिटायर्ड जज की निगरानी में इस पूरे मामले की जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए. अधिवक्ता एसके झा ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है.

मनवाधिकार अधिवक्ता झा ने कहा कि यह पूरा मामला मानवाधिकार उल्लंघन के अति गंभीर श्रेणी का मामला है, इसलिए इस मामले का सही जांच करा करके दोषी पुलिसकर्मियों सख्त से सख्त करवाई हो. जिससे फिर कोई पुलिसकर्मी इस तरह का कार्य करने की नहीं सोचे. इस मामले में लोग लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं. विपक्ष के साथ-साथ एनडीए के बड़े नेताओं ने भी इस एनकाउंटर को फेक बताया है. पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के सीनियर नेता अश्वनी चौबे ने भरत तिवारी को सामाजिक कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि उनके खून को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा और हम दोषियों की बंदूक छीन लेंगे और उन्हे जेल भेज कर रहेंगे.

Source: https://www.livehindustan.com/national/story-human-rights-violation-arrest-of-bharat-bhushan-tiwari-draws-attention-201781973397891.html

एनकाउंटर की न्यायिक जांच स्वागतयोग्य : विशाल दफ्तुआर
Jun 20, 2026 10:16 pm IST
Newswrap हिन्दुस्तान,आरा

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अगले सप्ताह कर सकता है पहल, में पुलिस एनकाउंटर में निहत्थे भरत भूषण तिवारी की हत्या कर देना मानवाधिकार हनन की वीभत्स घटनाओं में से एक है।

- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अगले सप्ताह कर सकता है पहल आरा। भरत भूषण तिवारी सिस्टम की खामियों से आक्रोशित एक तेजतर्रार युवा था, जिसने कई रचनात्मक कार्यों और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाई थी। उसकी कार्यशैली में कई खामियां निकाली जा सकती हैं, लेकिन उसके इरादे नेक और समाज की भलाई हेतु थे। आरा में पुलिस एनकाउंटर में निहत्थे भरत भूषण तिवारी की हत्या कर देना मानवाधिकार हनन की वीभत्स घटनाओं में से एक है।

मानवाधिकार हनन
इस घटना के लिये दोषियों को फांसी की सजा होनी चाहिए। इन तथ्यों का जिक्र करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं वैश्विक स्तर की संस्था ह्युमन राइट्स अम्ब्रेला फाउंडेशन-एचआरयूएफ के फाउंडर चेयरमैन विशाल रंजन दफ्तुआर ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखा है। बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा भरत तिवारी के एनकाउंटर की पटना हाईकोर्ट के रिटायर जज से करवाने का आदेश स्वागत योग्य है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अगले सप्ताह इस मामले में पहल कर सकता है, लेकिन इसी बीच अगर न्यायिक जांच की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी, तब एनएचआरसी को पहल करने में संवैधानिक बाधा आ सकती है।

जांच की प्रक्रिया
बताया कि भरत तिवारी के एनकाउंटर का विरोध कर रहे लोगों पर एफआईआर गलत है। एचआरयूएफ लीगल टीम इस मामले का अवलोकन कर रही है और जरूरत पड़ने पर एचआरयूएफ पहल कर सकती है।

Source: https://www.jagran.com/bihar/muzaffarpur-bhojpur-police-encounter-human-rights-commission-petition-hindi-news-40279551.html

भोजपुर पुलिस मुठभेड़ मामला मानवाधिकार आयोग पहुंचा, जांच और एफआईआर की मांग
By Sanjiv Kumar Edited By: Ajit kumar
Updated: Sat, 20 Jun 2026 06:57 PM (IST)

Bhojpur Encounter: भोजपुर में पुलिस मुठभेड़ में एक युवक की मौत का मामला अब राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है। अधिवक्ता एस.के. झा ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर, न्यायिक जांच और पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है।

संजीव कुमार, मुजफ्फरपुर। Human Rights Commission: भोजपुर जिले में पुलिस मुठभेड़ में हुई एक युवक की मौत का मामला अब राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है।

मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस.के. झा ने इस प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली और राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना में अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की हैं।

मुठभेड़ में हुई थी भरत की मौत
याचिका के अनुसार भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की पुलिस मुठभेड़ के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर अब मानवाधिकार आयोग से हस्तक्षेप की मांग की गई है।

न्यायिक निगरानी में जांच की मांग
दायर याचिकाओं में मांग की गई है कि मुठभेड़ में शामिल सभी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाए। साथ ही पूरे मामले की जांच किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश (रिटायर्ड जज) की निगरानी में कराई जाए, ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके।

पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग
याचिकाकर्ता ने आयोग से दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है। अधिवक्ता एस.के. झा का कहना है कि यह मामला मानवाधिकार उल्लंघन की गंभीर श्रेणी में आता है, इसलिए इसकी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

Source: https://hindi.news18.com/news/bihar/bhojpur-bharat-tiwari-encounter-case-petition-filed-in-nhrc-local18-10589835.html

भरत तिवारी एनकाउंटरः पुलिसवालों के खिलाफ दर्ज हो FIR, मानवाधिकार आयोग से मांग, याचिका दायर
Reported by: PRIYANK SAURABH Edited by: Mahesh Amrawanshi
Last Updated: June 21, 2026, 08:44 IST

भरत तिवारी एनकाउंटर केस में कई नेताओं ने भी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. एक अधिवक्ता ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में मामले से जुड़ी दो याचिकाएं दर्ज कराई हैं. जिसमें उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया और पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. साथ ही भरत के परिवार को मुआवजा देने की भी मांग की है.

आराः भोजपुर का भरत तिवारी पुलिस एनकाउंटर मामला तूल पकड़ता जा रहा है. राजनीतिक हलकों में विरोध के स्वर तेज होने के साथ ही अब यह मामला मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया. मुजफ्फरपुर के चर्चित मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के. झा ने इस एनकाउंटर को फेक बताते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की. साथ ही पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग की गई.

मामला भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव का है. जहां के निवासी भरत भूषण तिवारी की मौत पुलिस एनकाउंटर में हो गई. अधिवक्ता एस.के. झा का आरोप है कि यह एनकाउंटर फर्जी है. इसमें गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन हुआ है. इसी को लेकर उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली और राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं.

क्या-क्या मांगें की गईं
अधिवक्ता ने अपनी याचिका में मांग की है कि इस एनकाउंटर में शामिल सभी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाए. पूरे मामले की जांच रिटायर्ड जज की निगरानी में कराई जाए. उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त-से-सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए. मालूम हो कि शनिवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केस की जांच के रिटायर्ड जज से कराने का निर्देश दिया था.

अधिवक्ता ने बताया मानवाधिकार का उल्लंघन
मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के. झा ने इस घटना को मानवाधिकार उल्लंघन की अति गंभीर श्रेणी में रखा है. उनका कहना है कि निष्पक्ष और प्रभावी जांच के बिना न्याय संभव नहीं है, और कड़ी कार्रवाई ही भविष्य में ऐसे मामलों पर अंकुश लगा सकती है, ताकि कोई भी पुलिसकर्मी इस तरह की कार्रवाई करने से पहले सौ बार सोचे. मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर होने के बाद अब इस पूरे मामले पर राज्य और केंद्र दोनों स्तरों पर नजरें टिकी हैं.

Source: https://www.bhaskar.com/local/bihar/muzaffarpur/news/bhojpur-encounter-human-rights-commission-fir-demand-138243639.html

Hindi NewsLocalBiharMuzaffarpurBhojpur Encounter Case Reaches Human Rights Commission; FIR Sought

भोजपुर एनकाउंटर मामला मानवाधिकार आयोग पहुंचा:वकील ने पुलिसकर्मियों पर FIR दर्ज करने की मांग की, कहा- दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो
मुजफ्फरपुर 14 घंटे पहले

भोजपुर में हुए एनकाउंटर का मामला अब मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। मुजफ्फरपुर जिले के मानवाधिकार मामलों के वकील एस.के. झा ने भोजपुर एनकाउंटर मामले में मानवाधिकार आयोग में याचिका दर्ज की है।

वकील एस.के.झा ने इस पूरे मामले को लेकर अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली और राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना में दो अलग - अलग याचिका दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में मांग की है कि इस एनकाउंटर में शामिल सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए रिटायर्ड जज की निगरानी में इस पूरे मामले की जांच कराई जाए।

साथ ही दोषियों पर सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाए। उनकी ओर से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग की गई है। वकील झा ने कहा कि यह पूरा मामला मानवाधिकार उल्लंघन के अति गंभीर श्रेणी का मामला है।

सरेंडर करने के बाद हुआ था एनकाउंटर

बता दें कि भोजपुर और एसटीएफ की टीम ने भरत की ओर से सरेंडर किए जाने के बावजूद गोली मार दी गई। जिससे उसकी मौत हो गई। भरत के एनकाउंटर को लेकर गुरुवार को आरा में सड़क जाम कर लोगों ने बवाल किया। प्रदर्शनकारी पुलिस प्रशासन को दोषी ठहरा रहे थे। लोगों का सवाल है कि मानसिक रूप से बीमार और सरेंडर करने के बाद भरत का एनकाउंटर क्यों किया गया।

Source: https://thenewspost.in/amp/news/bihar/muzaffarpur/bhojpur-encounter-case-reaches-human-rights-commission-advocate-sk-jha-files-petition

भोजपुर एनकाउंटर मामला पहुंचा मानवाधिकार आयोग, अधिवक्ता एस.के. झा ने दायर की याचिका

Rajnish Sinha
Sr. Copy Editor

Published: June 20, 2026, 11:07 PM

मुजफ्फरपुर (Muzaffarpur) : भोजपुर में हुए चर्चित पुलिस एनकाउंटर का मामला अब मानवाधिकार आयोग की चौखट तक पहुंच गया है. शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की एनकाउंटर में हुई मौत को लेकर मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के. झा ने राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर कर निष्पक्ष जांच तथा दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है.

निष्पक्ष जांच की मांग

जानकारी के अनुसार, भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की मौत हाल ही में पुलिस एनकाउंटर में हुई थी. इस घटना को लेकर विभिन्न स्तरों पर सवाल उठाए जा रहे हैं. अब अधिवक्ता एस.के. झा ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आयोग का दरवाजा खटखटाया है.

याचिका में कहा गया है कि एनकाउंटर की परिस्थितियों की स्वतंत्र और पारदर्शी जांच कराई जानी चाहिए. इसके साथ ही एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा मामले की जांच किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में कराने की मांग की गई है. अधिवक्ता ने यह भी आग्रह किया है कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या दोष सिद्ध होता है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए.

उचित मुआवजा देने की भी मांग

एस.के. झा ने अपनी याचिका में मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है. उनका कहना है कि किसी भी नागरिक के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा करना राज्य की जिम्मेदारी है तथा किसी भी संदिग्ध मुठभेड़ की निष्पक्ष जांच लोकतांत्रिक व्यवस्था की आवश्यकता है.

अधिवक्ता ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला मानवाधिकार उल्लंघन की गंभीर श्रेणी में आता है, इसलिए इसकी गहन जांच आवश्यक है. उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग इस मामले का संज्ञान लेकर संबंधित पक्षों से जवाब तलब करेंगे और न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे.

सबकी नजरें टिकी

फिलहाल आयोग की ओर से याचिका पर कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है, लेकिन मामले के मानवाधिकार आयोग तक पहुंचने के बाद इस एनकाउंटर की जांच और कानूनी प्रक्रिया पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं. वहीं, मृतक के परिजन भी मामले में निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग कर रहे हैं.

Source: https://www.livehindustan.com/bihar/petition-filed-in-nhrc-bhrc-in-arrah-bharat-tiwari-encounter-demand-of-fir-on-police-men-involved-in-act-201781961015205.html

VIDEO: भरत तिवारी एनकाउंटर में शामिल पुलिस कर्मियों पर FIR दर्ज हो, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से मांग
20, 2026 08:22 pm Sudhir Kumar

मानवाधिकार अधिवक्ता सुबोध कुमार झा(एसके झा)ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और बिहार मानवाधिकार आयोग में मामला दायर किया है। उन्होंने एनकाउंटर में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके कड़ी

Bharat Tiwari Encounter NHRC: बिहार के आरा में भरत भूषण तिवारी के पुलिस
एनकाउंटर का मामला मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। मुजफ्फरपुर के मानवाधिकार अधिवक्ता सुबोध कुमार झा (एसके झा) ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और विहार मानवाधिकार आयोग में मामला दायर किया है। उन्होंने एनकाउंटर में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करके कड़ी कार्रवाई की मांग आयोग से की है।

अधिवक्ता एसके झा ने बताया है कि यह मामला मानवाधिकार का खुला उल्लंघन है। पुलिस ने भरत तिवारी का एनकाउंटर नहीं बल्कि उसकी हत्या कर दी। जब उससे हथियार वापस ले लिया गया तब जान मारने की नीयत से गोली मारना कहीं से कानून सम्मत नहीं है। यह मामला पुतिस की संवेदनहीनता का परिचायक है क्योंकि, भरत तिवारी ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया उसके बाद गोली मारी गयी। यह मानवाधिकार के उल्लंघन का गंभीर मामला है। इसे देखते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग में अलग अलग पेटिंपान दायर किया गया है।

एसके झा ने बताया कि इन दिनों फेक एनकाउंटर का मामला पूरे देश में देखा जा रहा है। पुलिस अपनी खुन्नस निकालने के लिए बदमाशों का फर्जी एनकाउंटर कर रही है। इन मामलों में दोषी पुलिस पदाधिकारियों पर कार्रवाई होना आवश्यक है। ऐसा नहीं होता है तो पुलिस निरंकुश हो जाएगी जो लोकतंत्र के लिहाज से सही नहीं है।

अधिवक्ता ने कहा कि इस मामले में पुलिस कर्मियों का निलंबन पर्याप्त कार्रवाई नहीं है। पुलिस को अपराध पर नियंत्रण के लिए सरकार से खुली छूट भले ही हो लेकिन, कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई होना चाहिए। जबतक गिरफ्तारी की गुंजाइश रहे तबतक गोली मारना सही नहीं है। वरीय पदाधिकारियों द्वारा इंस्पेक्टर और दारोगा समेत तीन पुलिस अफसरों पर कार्रवाई यह बताता है कि गलत हुआ था। ऐसे में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच और कार्रवाई आवश्यक हो जाता है।

इस मामले में बिहार सरकार ने न्यायिक जांच का आदेश कर दिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में दिनांक 17.06.2026 को हुई पुलिस मुठभेड़ की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच हेतु उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा न्यायिक जांच कराने का निर्णय लिया गया है। न्यायिक जांच का उद्देश्य घटना के सभी पहलुओं की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ जांच सुनिश्चित करना है।

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/arrah/ara-encounter-nhrc-bharat-tiwari-fir-road-jam-case

भरत तिवारी एनकाउंटर केस में अब NHRC की एंट्री, पिता-भाई समेत 14 पर FIR दर्ज
Edited by Ragini Sharma
Updated: Sat, 20 Jun 2026 10:09 AM (IST)

Bharat Tiwari Encounter : आरा के शाहपुर बिलौटी एनकाउंटर मामले ने तूल पकड़ते हुए अब NHRC तक पहुंच गया है. मामले में पुलिस ने पिता-भाई पर केस दर्ज किया, जबकि सड़क जाम में 14 नामजद किए गए हैं. परिजनों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है. अब इस पूरे मामले में NHRC की जांच और आगे की कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं.
Bharat Tiwari Encounter : भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में हुए चर्चित पुलिस मुठभेड़ मामले ने अब तूल पकड़ लिया है. भरत भूषण तिवारी की मौत के बाद यह मामला राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गया है. दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने इस पूरे प्रकरण को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) में उठाते हुए स्वतंत्र एजेंसी या सीबीआई से जांच कराने की मांग की है. शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि मानसिक रूप से अस्वस्थ बताए जा रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है, जिसे लेकर पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

NHRC में शिकायत से बढ़ी पुलिस की मुश्किल
इस पूरे मामले के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक पहुंचने के बाद अब पुलिस की कार्रवाई पर बाहरी जांच की मांग तेज हो गई है. शिकायतकर्ता ने इसे संदिग्ध मौत बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है.

मुठभेड़ और फायरिंग में दो अलग-अलग केस दर्ज
इधर पुलिस ने इस मामले में अपनी कार्रवाई तेज करते हुए दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है. पहली प्राथमिकी मुठभेड़ को लेकर भरत भूषण तिवारी के खिलाफ दर्ज की गई है, जबकि दूसरी प्राथमिकी पुलिस पर फायरिंग और सहयोग के आरोप में उसके पिता काशी नाथ तिवारी और भाई चंदन तिवारी को नामजद किया गया है. पुलिस का कहना है कि भरत भूषण तिवारी के पास अवैध हथियार होने की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर 17 जून की सुबह पुलिस टीम उसके घर पहुंची थी.

दरवाजा खुलते ही पुलिस पर तान दी पिस्टल
प्राथमिकी के अनुसार, सुबह करीब 5:10 बजे पुलिस ने घर की घेराबंदी कर दरवाजा खुलवाया. आरोप है कि दरवाजा खुलते ही भरत भूषण तिवारी आक्रोशित हो गया और हाथ में पिस्टल लेकर थानाध्यक्ष पर हमला करने की कोशिश की. स्थिति को भांपते हुए पुलिसकर्मी पीछे हट गए. इसके बाद भरत घर की छत पर चढ़ गया और पुलिस टीम पर कई राउंड फायरिंग की.

पुलिस के अनुसार इस दौरान जवान बाल-बाल बच गए. जब भी पुलिस टीम घर के करीब पहुंचने की कोशिश करती, वह लगातार फायरिंग करता रहा.

पुलिस का दावा, परिजनों ने दिया संरक्षण
पुलिस का आरोप है कि इस दौरान जब भरत के पिता और भाई से हथियार के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी. प्राथमिकी में कहा गया है कि दोनों को अवैध हथियार की जानकारी थी, बावजूद इसके उन्होंने पुलिस को सूचना नहीं दी और उसे संरक्षण देते रहे. इसी आधार पर पिता और भाई के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है.

सरेंडर का नाटक कर छकाया
प्राथमिकी के अनुसार एसटीएफ और शाहपुर पुलिस टीम द्वारा बधार में उसे चारों तरफ से घेर लिया गया. उससे बार-बार आत्मसमर्पण करने को कहा जा रहा था, लेकिन वह चालाकी करने लगा. उसने आत्मसमर्पण का दिखावा करते हुए अपनी पिस्टल को कुछ दूरी पर आगे फेंक दे रहा था. लेकिन पुलिस पिस्टल को जब्त करने के लिए आगे बढ़ती, तो और तेजी से लपका कर दोबारा पिस्टल उठा ले रहा था और चैलेंज करते हुए पुलिस पर फायरिंग करने लगता था.

पुलिस को कर रहा था चैलेंज
एफआईआर के मुताबिक वह बाये हाथ में मोबाइल एवं दाहिने हाथ में पिस्टल लेकर गाली देते हुए पुलिस को चैलेंज करता रहा. उसके द्वारा लगातार फायरिंग

करने से छन मानस को भी खतरा उत्पन्न होने लगा था. थानाध्यक्ष द्वारा काफी समझाने पर वह सरेंडर करने के तैयार हो गया. पिस्टल भी फेंक दिया. लेकिन एक जवान पिस्टल जब्त करने पहुंचा, तभी उसने लपक पिस्टल उठा लिया और दो राउंड फायरिंग कर दी. उस अचानक जानलेवा हमले के बाद, उसकी 'टैक्टिकल क्लोज कोर्डनिंग' कर रहे एसटीएफ के जवान अक्षय कुमार ने तुरंत मोर्चा संभाला. उन्होंने आत्मरक्षार्थ अपनी सरकारी पिस्टल से आरोपित के कमर के नीचे पैर को निशाना बनाकर 4 राउंड फायरिंग की.

गोली लगते ही अभियुक्त जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़ा. उसके बाद उसे तुरंत हिरासत में लेकर इलाज के लिए शाहपुर रेफरल अस्पताल भेजा गया. पीएमसीएच में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी.

एनकाउंटर के बाद बवाल, सड़क जाम
भरत तिवारी की मौत के बाद इलाके में आक्रोश फैल गया. गुस्साए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए एनएच-922 को जाम कर दिया. इस मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 14 नामजद और करीब 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है. यह केस शाहपुर थाने में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक सच्चिदानंद यादव के आवेदन पर दर्ज किया गया है. पुलिस का कहना है कि सड़क जाम कर कानून व्यवस्था बाधित करने वालों की पहचान कर आगे भी कार्रवाई की जाएगी.

फिलहाल यह मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है. एक तरफ पुलिस अपनी कार्रवाई को सही ठहरा रही है, तो दूसरी ओर परिजन और समाज के लोग इसे संदिग्ध एनकाउंटर बता रहे हैं. अब सबकी नजरें NHRC की कार्रवाई और संभावित जांच पर टिकी हैं, जो इस पूरे मामले की सच्चाई सामने ला सकती है.